उत्तरप्रदेशप्रदूषणनियंत्रण बोर्ड
**UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD**

संदर्भ सं0 दिनॉक
Ref. No 1190267 /सी-2/NGT-07/23 Date 03-03-23

To,

**The Registrar,**
Hon'ble National Green Tribunal,
Copernicus Marg, New Delhi.
E-mail - judicial-ngt@gov.in

**Subject: Submission of Joint Committee report in compliance of directions issued by Hon'ble NGT vide order dated 02.01.2023 in O.A. No. 918/2022 Narendra KushwahaVs Union of India and Ors.**

Sir,

In compliance of Hon'ble NGT order dated 02.01.2023 in the matter of O.A. No. 918/2022 Narendra KushwahaVs Union of India and Ors, the report of Joint Committee is being filed herewith.

It is requested that the aforesaid report of Joint Committee may be presented before the Hon'ble Tribunal for kind consideration.

Encl: As above.

Yours faithfully,

**(Rajendra Singh)**
Chief Environmental Officer
Circle-2

टी.सी. - 12 वी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर,
लखनऊ- 226010
दूरभाष : 0522-2720828, 2720831
फैक्स : 0522-2720764, 2720676
ई–मेल : info@uppcb.com
वेबसाइट : www.uppcb.com

T.C.-12 V, Vibhuti Khand, Gomti Nagar,
Lucknow - 226 010
Phone : 0522-2720828, 2720831
Fax : 0522-2720764, 2720676
E-mail : info@uppcb.com
Website : www.uppcb.com

**Factual Report regarding Hon'ble NGT order dated 02/01/2023 in the matter of O.A. No.918/2022, Narendra kushwaha Vs Union of India & Ors.**

1. **Background**

Hon'ble National Green Tribunal (NGT) in the matter of Original Application No. 918 of 2022, dated 02/01/2023,Narendra kushwaha Vs Union of India & Ors.directed as below:

1. *Grievance of the applicant Shri Narendra Kushwaha is in Tehsil and District Jhansi at Mouza-Dadiapura with Araji no.1136,1154,155,1163,1164,1165,1168,1206 etc., Mouza-Pichor with Araji Nos. 908,909,910,911,912,917,932,933,934, 935,936,752,753,754, 755, 817,818,819,820,821,826,827,828,829,830,831,832,833,834,835,836,837,838,839,840, 841,842,843,844,760,856 etc., Mouza-Jhansi Khas with Araji No.751 etc., Mouza- Vudha with Araji Nos. 38,123,132,133,297,298,300,304,305 etc. and Mouza-Nayagaon with Araji Nos. 560/8, 560/9, the authorities are illegally allowing encroachment and permitting unauthorized construction over the land shown as green belt and parks as per Jhansi Master Plan of 2001 and 2021 and despite repeated complaints, no action has been taken by Administration. Encroachment and unauthorized construction has been allowed by the District Administration including the officials of Jhansi Development Authority in collusion with private individuals.*
2. *In Hon'ble NGT view before taking any further action in the matter, Factual report be obtained from the concerned authorities for which purpose Hon'ble NGT constitutes a committee comprising of District Magistrate, Jhansi and state PCB. Committee may visit the site and submit a factual report in the matter within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Support PDF and not in the form of Image PDF. State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance.*
3. *The applicant may serve a set of papers on District Magistrate, Jhansi and State PCB and file affidavit of service within one week.*

2. **Proceedings**

a. In compliance of the above order, Member Secretary, U P Pollution Control Board, Lucknow vide letter dated 10.01.23 (Annexure-1) has nominated Srimati Deepa Arora, Regional Officer, Pollution Control Board, Jhansi as representative of State Board. As per District Magistrate, Jhansi comment/order dated 04.01.2023, site visit is conducted on dated 09.01.23 by ADM(F/R) and Regional officer, Pollution Control Board, Jhansi in the presence of Secretary, Jhansi Development Authority.

b. For the compliance of above, District Magistrate, Jhansi further issued order dated 09.01.2023 to Vice-Chairman, Jhansi Development Authority and Regional Officer, Pollution Control Board, Jhansi to update the proceedings weekly on Friday in the same order he nominated ADM (Namami Gange) as a nodal officer for coordination and monitoring regarding Hon'ble NGT order related to Lakshmi Taal and Master Plan(Annexure-2).

c. As per Hon'ble NGT order, Applicant, Sri Narendra Kuswaha (Environment, R.T.I. & Social activist) has sent 10 point complaint along with list of Araji Nos, Dated 06.01.23. On receipt, Regional Officer, PCB Jhansi issued letter dated 18.01.23 along with this complaint to get reply from authorities concerned (Annexure-3).

d. In compliance of Hon'ble NGT order dated 02.01.23, District Magistrate issued office order dated 31.01.23 for speedy action in the case as per following committee (Annexure-4):

   i. Vice-Chairman, Jhansi development Authority, Jhansi : Chairman
   ii. Nagar Ayukt, Nagar Nigam, Jhansi : Member
   iii. ADM (Namami Gange), Jhansi : Member
   iv. Regional officer, U P Pollution Control Board : Member
   v. Tehsildar, Sadar, Jhansi : Member

e. Meeting of the committee was conducted on dated 08.02.23 to follow up the matter with concerned authorities along with the review meeting regarding Hon'ble NGT O.A. No. 165/2021 Girjashanker rai & ors. Vs state of U.P. & ors. having similar subject as OA no. 918/2022 Narendra kushwaha & ors Vs Union of India &ors.

**3. Site Verification**

a. During site verification on dated 09.01.23 (Annexure-5), houses found constructed on mentioned land blocks and it was decided by the committee to get the written factual status from the department concerned. Regional Officer, Pollution Control Board issued a letter dated 12.01.23(Annexure-6) to Secretary, Jhansi development Authority to know the land use of concerned Araji nos. in Mouza- Dadiapura, Pichore, Vudha, Jhansi Khas and Nayagaoun area, Completely/Partially unauthorized construction and status of map approval if any and copy to Nagar Ayukt, Nagar Nigam, Jhansi regarding allotment of house numbers to houses of mentioned Araji nos. and SDM, Sadar, Jhansi regarding Sale deed of Araji Nos. of mentioned Mouzas. Thereafter site inspection was conducted

again on Dated 01.03.2023 with District Magistrate Jhansi, Vice Chairman, Jhansi Development Authority and Regional Officer, U.P. Pollution Control Board, Jhansi and as per the order, directions were issued to provide Compliance report. District Magistrate Jhansi has already visited above the mentioned mauzas /proposed city park area in the past as well regarding N.G.T. Orders.

4. **Factual Status Report**

a. In Pursuance to above site verification, Following facts have been brought to the notice through reply letter dated 13-02-2023 received from Incharge, Executive Engineer, Jhansi Development Authority and again latest updated report dated 01-03-2023 received from VC Jhansi Development Authority.
(Annexure-7), (Annexure-8)

- The subject is same as in Hon'ble NGT order 14.12 22 in O.A. No. 165/2021 Girjashanker Rai & ors. Vs state of U.P. & ors for encroachment in and around Lakshmi Taal area.
- As per Hon'ble NGT order in OA no. 165/2021 Girjashanker Rai & ors. Vs state of U.P. & ors. dated 14.12.22, Action has been initiated to remove illegal construction on proposed park land.
- To remove illegal construction on proposed park land under Jhansi master plan 2021, total 115 cases of demolition orders has been issued u/s section 27, 28(1) & 28(2) of U.P. town planning and development Act, 1973 as amended 1997.
- Against above actions, opposite parties of 26 matters have files petition in Hon'ble high court, Allahabad and court has given stay in the matters.
- Authority has tried for demolition action along with police force in the remaining cases but due to opposition by the local people, demolition could not be done.
- The remaining vacant land in the proposed park land of Jhansi Master Plan 2021, in order to impose ban on sale of land sign boards are installed at different places on vacant land.
- On the proposed park land in the Jhansi Master Plan 2021 in the revenue village-Pichore, Dadiapura and Taalpura, there are 2275 illegal construction identified by the survey team. Survey is ongoing in Mauza- Jhansi Civil and Jhansi Khas. At present, there is no illegal construction is going on. Challani action has been

initiated under section 27 of U.P. town planning and development act 1973. Thereafter, in the updated report dated 01.03.20222, it was mentioned that according to Jhansi Master Plan 2021, a city park is proposed in the revenue villages Pichhor, Dadiyapura, Talpura, Jhansi Khas and Jhansi Civil. Out of the land proposed for the city park, the survey team was constituted for 125.74 hectares (private tenants) of land in the revenue village-Pichhor, Dadiyapura and Talpura, despite all the obstacles. In spite of the presence of police force, there was strong protest by the private tenants. Due to shortage of staff in Jhansi Development authority, Jhansi, It took time to complete the survey work. According to the survey, out of 125.74 hectares (private cultivators) land, 25.32 hectares land is vacant, which is situated in scattered manner in different locations. A Total of 2390 buildings were found during the survey, in which action has taken under the relevant sections of the UP Town Planning and Development Act, 1973 (as amended in 1997). The said area is densely populated and about 13000 people reside in it. Due to strong opposition from the residents, the survey work has taken relatively longer time.

- Out of 125.74 hectares of land proposed for city park In Jhansi Master Plan 2021, 100.42 hectares of land has been approved by the Authority Board to make it residential on the basis of development of population there since 1970.

- In place of the proposed city park in Jhansi Master Plan-2021 a city park has been proposed In Jhansi Master Plan 2031 on 210.00 hectares of land in revenue village Bijauli. The proposed green area in Jhansi Master Plan 2021 is 1280.62 hectares, whereas the proposed green area in Jhansi Master Plan 2031 (Draft) is 2325.69 hectares. Regarding the proposed land area, the report of the Associate Planner, Town and Country Planning Department, Divisional Planning Khand, Jhansi can be seen observable. (photocopy attached)
- The survey work is being conducted by the team for Arazi numbers of revenue villages- Jhansi Khas, Vudha and Nayagaon, mentioned in the order dated 02.01.2023 of Hon'ble N.G.T. After the survey and according to the master plan, the land use of Arazi No. 38, 132 and 133 in Revenue Village-Budha is proposed as commercial (central activities-high level). The land use of Arazi No.-123 is proposed as residential (medium density) and the land use of Arazi No.-297, 298, 300, 304 and 305 is proposed as block park.

- Similarly, according to the Jhansi Master Plan 2021, land use of Arazi number-560/8 and 560/9 of Nayagaon revenue village is the proposed as industrial (large scale industry). According to the Jhansi Master Plan 2021, the land use of Arazi number-751 of Jhansi Khas revenue village is the proposed as block park.
- While Continuing with the task of survey of the above revenue villages, the authority has so far surveyed 115 buildings. Out of these area jhansi khas is located amidst densely populated area due to which the survey work in these areas are likely to take 02 Months.

b. As per reply received from revenue department (Tehsildar Sadar, Jhansi) dated 15.02.2023 (Annexure-9).

- At Mauza-Pichore & Dadiapura, the mentioned Araji's are listed as Sankramaneey Land and residence were found during inspection along with partial vacant plots roads.
- Land of Gata No. 751 of Jhansi Khas is Sankramaneey and uses as Kabristan.
- Agriculture activity is going on at land of araji mentioned at Mauza Vudha and land is sankramaneey.
- Residential and partially vacant plots/roads exist on land of araji mentioned at Mauza Nayagaon.

c. As per Hon'ble NGT order, Applicant, Sri Narendra Kuswaha (Environment, R.T.I. & Social activist 10 point complaint, Factual comparative chart is attached(Annexure-10).

Hence most respectfully, the factual status report is submitted as above in compliance of order dated 02.01.2023 of Hon'ble NGT OA No.-918/2022 .

2/3/2023 N.T. Jhansi

(Dr. Lal Krishna)
Tehsildar, Sadar
Jhansi

(Deepa Arora)
Regional Officer
UPPCB, Jhansi

2/3/2023

(Ashok Kumar Singh)
ADM (Namami Gange)
Jhansi

(Pulkit Garg)
Nagar Ayukta
Nagar Nigam, Jhansi

(Alok Yadav)
Vice-Chairmen
Jhansi Development Authority Jhansi

02/03/23

(Ravindra Kumar)
District Magistrate
Jhansi

ANNEXURE-1

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
## UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

संदर्भ सं० Ref. No 487059 /स्था-2/NGT NO-329/23 दिनांक Date 10-01-23

मा० एनजीटी प्रकरण

सेवा में,
जिलाधिकारी,
झांसी ।

विषय—मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ०ए० संख्या–918/2022 नरेन्द्र कुशवाहा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 02.01.2023 के अनुपालन के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ०ए० संख्या–918/2022 नरेन्द्र कुशवाहा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 02.01.2023 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें । मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 02.01.2023 के मुख्य अंश निम्नवत हैं :–

".....2 In our view before taking any further action in the matter, let a factual report be obtained from the concerned authorities for which purpose we constitute a Committee comprising of District Magistrate, Jhansi and State PCB. Committee may visit the site and submit a factual report in the matter within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/ OCR Support PDF and not in the form of Image PDF. State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance.

List for further consideration on 10.03.2023...."

मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित उपरोक्त आदेश दिनांक 02.01.2023 के अनुपालन में गठित संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में राज्य बोर्ड से श्रीमती दीपा अरोड़ा, क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी (मोबाइल–7839891747) को समिति के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है। इसके साथ ही आपसे अनुरोध है कि संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में अपने विभाग से संबंधित प्रतिनिधि को नामित करते हुए मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में ससमय आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें, जिससे कि मा० एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में ससमय आख्या दाखिल की जा सके ।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(अजय कुमार शर्मा)
सदस्य सचिव

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी को इस निर्देश के साथ कि संयुक्त समिति के नामित सदस्यों से तत्काल समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र स्थल निरीक्षण कराते हुए मा० एन०जी०टी०, नई दिल्ली में ससमय अनुपालन आख्या दाखिल किया जाना सुनिश्चित करें ।

सदस्य सचिव

Committee letter

टी.सी. - 12 वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226 010
दूरभाष : 0522-2720828, 2720831
फैक्स : 0522-2720764, 2720676
ई-मेल : info@uppcb.in

T.C.-12 V, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
Phone : 0522-2720828, 2720831
Fax : 0522-2720764, 2720676
E-mail : info@uppcb.in

10.01.23
ANNEXURE-2

आवश्यक

# कार्यालय जिलाधिकारी, झाँसी

दूरभाष : 0510-2470556 (O), 0510-2331520 (R),
0510-2443324 (R), 0510-2447111 (Fax)
E-mail- dmjha@up.nic.in

संख्या : 225/ओ.एस.डी. दिनांक : जनवरी 09, 2023

उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण,
क्षेत्रीय अधिकारी, उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
झाँसी।

कृपया साथ में संलग्न मा.नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश दिनांक 02.01.2023 का संज्ञान लें, जो नरेन्द्र कुशवाहा (Original Application No. 918/2022 Narendra Kushwaha Versus Union of India & Ors.) द्वारा मौजा डडियापुरा, पिछोर, झाँसी खास, बूढ़ा एवं नयागांव स्थित कतिपय जमीन, जो झाँसी मास्टर प्लान 2001 एवं 2021 में ग्रीन वेल्ट एवं पार्क दर्शायी गई है, पर अवैध कब्जा/निर्माण के सम्बन्ध में की गई शिकायत से सम्बन्धित है।

2- उक्त के सम्बन्ध में मा.नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जिला मजिस्ट्रेट, झाँसी एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कमेटी बनाकर इस सन्दर्भ में की गई कार्यवाही के बारे में तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश पारित किये गये हैं।

3- चूंकि उक्त प्रकरण में अगली सुनवाई का दिनांक 10.03.2023 नियत है। अतः अपेक्षा की जाती है कि इस सन्दर्भ में अब तक की गई कार्यवाही से अगले शुक्रवार की सायं तक अवगत करायें और इस सन्दर्भ में आगे की जाने वाली साप्ताहिक कार्यवाही से प्रत्येक शुक्रवार की सायं को लिखित रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोपरि।

09/1/23

जिलाधिकारी,
झाँसी

(Imp)
EE
11.1.23

प्रतिलिपिः अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), झाँसी को इस आशय से प्रेषित कि मा.नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से आच्छादित लक्ष्मीताल एवं मास्टर प्लान से सम्बन्धित उक्त के समान प्रकरण में आप नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। अतः इस प्रकरण में भी अनुश्रवण कर अनुपालन सुनिश्चित करायें।

09/1/23

जिलाधिकारी,
झाँसी

ANNEXURE-3

Ph/Fax : 0510-2320473 (O)
E-mail : rojhansi@uppcb.in

क्षेत्रीय कार्यालय उ. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
**Regional Office, U.P. Pollution Control Board**

संदर्भ सं0 ............
Ref. No. ............ 691/OA-918/NGT/23

दिनांक 18.01.2023
Date.....................20

सेवा में,

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी।
2. श्रीमान् नगर आयुक्त, नगर निगम, झांसी।
3. सचिव झांसी विकास प्राधिकरण, झांसी।
4. उपजिलाधिकारी, सदर, जनपद–झांसी।
5. अधिशाषी अभियन्ता, दक्षिणांचल विधुत वितरण निगम, झांसी।

विषय : माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–918/2022 (नरेन्द्र कुशवाहा बनाम उ0प्र0 राज्य) व अन्य में पारित आदेश दिनांक 02.01.2023 की अनुपालनात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–918/2022 (नरेन्द्र कुशवाहा बनाम उ0प्र0 राज्य) व अन्य में दिनांक 02.01.2023 को पारित आदेश के अंश निम्नवत है–

"The Applicant may surve a set of papers on District Magistrate, Jhansi and State PCB and file affidavit of service within one week."

उक्त के अनुकम मे याचिकाकर्ता श्री नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र श्री मुन्नालाल कुशवाहा (पर्यावरण एवं आर0टी0आई एवं सामाजिक कार्यकर्ता) निवासी–पिछोर थाना–नबावाद, झांसी द्वारा दिनांक 06.01.2023 को अपनी कुल 10 बिन्दुओ की शिकायत मा0 अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गयी है की प्रतिलिपि कार्यालय का प्रेषित की गयी है। उक्त शिकायत का संदर्भ ग्रहण करते हुये वांछित 10 बिन्दुओ पर अपने विभाग से सम्बन्धित टिप्पणी/कार्यवाही कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे, जिसके आधार पर प्रकरण के सम्बन्ध मे तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर समयावधि मे मा0 अधिकारण को प्रेषित की जा सके :–

1. बिन्दु संख्या–1, बिन्दु संख्या–2, बिन्दु संख्या–3, बिन्दु संख्या–5, बिन्दु संख्या–7, बिन्दु संख्या–9, बिन्दु संख्या–10 (झांसी विकास प्राधिकारण)।
2. बिन्दु संख्या–2, बिन्दु संख्या–3, बिन्दु संख्या–5, बिन्दु संख्या–8, बिन्दु संख्या–9, बिन्दु संख्या–10 (नगर निगम, झांसी)।
3. बिन्दु संख्या–2, बिन्दु संख्या–3, बिन्दु संख्या–4, बिन्दु संख्या–9, बिन्दु संख्या–10 (उपजिलाधिकारी, सदर, झांसी)।
4. बिन्दु संख्या–8 (दक्षिणांचल विधुत वितरण निगम, झांसी)।
5. बिन्दु संख्या–10 (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी)।

EE
Deepa 6/2/23

भवदीया
Deepa
(दीपा अरोरा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जिलाधिकारी महोदय, झांसी को सूचनार्थ।
2. मुख्य पर्यावरण अधिकारी(वृत्त–2), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।

Deepa 18.1.23
क्षेत्रीय अधिकारी

1315
07/01/23

दिनांक 06 जनवरी 2023

सेवा में,

1. श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय,
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
टी०सी० –12 वी०, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

2. श्रीमान जिलाधिकारी महोदय,
जिला झांसी, उत्तर प्रदेश।

3. श्रीमान क्षेत्रीय अधिकारी महोदय,
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी।
उ.प्र. आवास विकास कालौनी, कानपुर रोड़ झांसी, उ.प्र.– 284001

विषयः– माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली द्वारा ओ.ए. संख्या 918/2022 नरेन्द्र कुशवाहा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित आदेश दिनांक 02 जनवरी 2023 के क्रम में,

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक में वर्णित आदेश के अनुपालन में याचिकाकर्ता द्वारा उक्त आदेश की प्रतिलिपि के साथ मूल आवेदन एवं झांसी महायोजना 2021 में प्रस्तावित नगर पार्क के आराजी संख्या की सूची की प्रतिलिपि संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ एवं अर्गिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

दिनांक 06.01.2023

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

file it
Deepa
7.1.2023

भवदीय

नरेन्द्र कुशवाहा

नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र श्री मुन्ना लाल कुशवाहा
(पर्यावरण, आर.टी.आई. एवं सामाजिक कार्यकर्ता)
निवासी– पिछोर थाना नवाबाद झांसी, उत्तर प्रदेश।
मो. 9452041529

Item No. 02

Court No. 2

**BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

**(Through Video Conferencing)**

Original Application No. 918/2022

Narendra Kushwaha — Applicant

Versus

Union of India & Ors. — Respondent(s)

Date of hearing: 02.01.2023

**CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE SUDHIR AGARWAL, JUDICIAL MEMBER**
**HON'BLE PROF. A. SENTHIL VEL, EXPERT MEMBER**

Applicant: Mr. Narendra Kushwaha, Applicant in person

**ORDER**

1. This original application has been filed and registered under Section 14 and 15 of National Green Tribunal Act, 2010 (hereinafter referred to as 'NGT Act, 2010') initiated by Shri Narendra Kushwaha s/o Shri Munna Lal Kushwaha, R/o Pichor Police Station Nawabad Jhansi, Uttar Pradesh. It is alleged that in Tehsil and District Jhansi in Mouza- Dadiapura with Araji Nos. 1136, 1154, 155, 1163, 1164, 1165, 1168, 1206 etc., Mouza- Pichor with Araji Nos. 908, 909, 910, 911, 912, 917, 932, 933, 934, 935, 936, 752, 753, 754, 755, 817, 818, 819, 820, 821, 826, 827, 828, 829, 830, 831, 832, 833, 834, 835, 836, 837, 838, 839, 840, 841, 842, 843, 844, 760, 856 etc., Mouza- Jhansi Khas with Araji No. 751 etc., Mouza- Vudha with Araji Nos. 38, 123, 132, 133, 297, 298, 300, 304, 305 etc. and Mouza-

Nayagaon with Araji Nos. 560/8, 560/9, the authorities are illegally allowing encroachment and permitting unauthorized construction over the land shown as green belt and parks as per Jhansi Master Plan of 2001 and 2021 and despite repeated complaints, no action has been taken by Administration. Encroachment and unauthorized construction has been allowed by the District Administration including the officials of Jhansi Development Authority in collusion with private individuals.

2. In our view before taking any further action in the matter, let a factual report be obtained from the concerned authorities for which purpose we constitute a Committee comprising of District Magistrate, Jhansi and State PCB. Committee may visit the site and submit a factual report in the matter within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/ OCR Support PDF and not in the form of Image PDF. State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance.

List for further consideration on 10.03.2023.

A copy of this order be forwarded to District Magistrate, Jhansi and State PCB by e-mail for compliance.

The applicant may serve a set of papers on District Magistrate, Jhansi and State PCB and file affidavit of service within one week.

Sudhir Agarwal, JM

Prof. A. Senthil Vel, EM

January 02, 2023
Original Application No. 918/2022
SN

# समक्ष माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली।

ओ.ए. संख्या.......... सन् 202

नरेन्द्र कुशवाहा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य

विषयः— पर्यावरण को क्षति पहुंचाते हुए अब्दुल करीम आदि द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु झांसी महायोजना में हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं हेतु प्रस्तावित भूमियों को आवासीय भूमि दर्शाकर अवैध प्लॉटिंग कर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निम्नलिखित बिन्दुवार शिकायत माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है:—

1. यह कि अब्दुल करीम उर्फ सूके पुत्र हाजी खुदा बक्श व जफर राईन पुत्र हाजी अब्दुल करीम निवासी— 325 इतवारीगंज, झाँसी, व अकरम पुत्र यासीन व मुहम्मद यासीन पुत्र वसीर, निवासी— 748/1 शिवाजी नगर तहसील व जिला झाँसी व के .आर. टोकसे नि. होटल हाईवे के पीछे सीपरी बाजार झाँसी व श्रीमती गीता देवी पुत्री ग्याप्रसाद व पत्नी अरविन्द कुमार निवासी— 603 बाहर दतिया गेट झांसी व हरीदास व अर्जुन पुत्रगण स्व. भगवानदास निवासी— पिछोर, नारायण बाग के पास थाना नवाबाद, झांसी, आदि द्वारा पर्यावरण को क्षति पहुंचाते हुए झांसी महायोजना में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के हेतु प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं के उपयोगी हेतु तहसील व जिला झांसी के मौजा— डडियापुरा के आराजी संख्या 1136, 1154, 155, 1163, 1164, 1165, 1168, 1206 आदि व — पिछोर के आराजी संख्या 908, 909, 910, 911, 912, 917, 932, 933, 934, 935, 936, 752, 753, 754, 755, 817, 818, 819, 820, 821, 826, 827, 828, 829, 830, 831, 832, 833, 834, 835, 836, 837, 838, 839, 840, 841, 842, 843, 844, 760, 856 आदि व मौजा— झांसी खास के आराजी संख्या 751 आदि व मौजा— बूढ़ा के आराजी संख्या 38, 123, 132, 133, 297, 298, 300, 304, 305 आदि व मौजा— नयागॉव के आराजी संख्या 560/8, 560/9 और झांसी तहसील के अन्य मौजा सिमरावारी, खैलार, बिजौली, भोजला आदि के साथ—साथ झांसी जिले की अन्य तहसीलों व मौजों में प्रस्तावित भूमियों पर झांसी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से सांठगांठ कर गैर कानूनी रूप से अवैध प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं।

2. यह कि झांसी महायोजना में प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं हेतु प्रस्तावित भूमियों को आवासीय भूमि दर्शाकर अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले अब्दुल करीम आदि झांसी प्रशासन, नगर निगम झांसी और झांसी विकास प्राधिकरण के भ्रष्ट अधिकारियों को घूस/सुविधा शुल्क देकर विकसित की जा रही उक्त अवैध कॉलोनियों में नियम—कानून, नीतियों व उ0 प्र0 नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा—15 का उल्लंघन कर एवं शासकीय योजनाओं और सांसद, विधायक, पार्षद निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना—शहरी का दुरुपयोग कर गैर कानूनी रूप से बिजली—पानी और सड़क आदि के विकास कार्य करायें जा रहे, पक्के आवास बनवाऐं जा रहे तथा बिजली, पानी के कनेक्शन दिए जा रहे है।

3. यह कि महायोजनाओं में प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि अन्य जन सुविधाओं के हेतु प्रस्तावित भूमियों के अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियों की रोकथाम और उन्हे हटाये जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय व माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के द्वारा बार–बार आदेश जारी किये गये एवं राज्य सरकार द्वारा शासनादेश जारी कर दिशा–निर्देश दिये गये है। तथा झांसी विकास प्राधिकरण से बिना अनुमति एवं बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण किये जाने पर उ.प्र. नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–26, 27 एवं 28 के अधीन कार्यवाही का प्राविधान है, इसके बावजूद भी झांसी प्रशासन, नगर निगम झांसी और झांसी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा उपरोक्त भूमियों के अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियों की रोकथाम और उन्हे हटाये जाने की कार्यवाही करने के बजाये घूस/सुविधा शुल्क लेकर अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियां विकसित करायीं जा रही है।

4. यह कि झांसी प्रशासन के अधिकारियों की ओर से घूस लेकर उक्त अवैध कॉलोनियों में नियम–कानून व नीतियों का उल्लंघन कर एवं शासकीय योजनाओं का दुरुपयोग कर गैर कानूनी रूप से झांसी विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना बिजली–पानी और सड़क आदि के विकास कार्य करायें जा रहे तथा बिजली, पानी के कनेक्शन दिए जा रहे है जब कि विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी विकास एवं निर्माण कार्य किए जाने से पूर्व उ0 प्र0 नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–15 के अधीन अनुज्ञा प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

5. यह कि महायोजनाओं में प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि अन्य जन सुविधाओं के हेतु प्रस्तावित भूमियों के अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियों की रोकथाम और उन्हे हटाये जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय व माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के द्वारा बार–बार आदेश जारी किये गये है एवं उक्त आदेशों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा शासनादेश जारी कर दिशा–निर्देश दिये गये है कि स्थानीय निकायों/विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने–अपने अधिकारिता क्षेत्र से संबंधित पार्कों, खेल के मैदानों, खुली जगहों आदि के संबंध में सूची तैयार करने और सूची में पार्कों, खेल के मैदानों, खुली जगहों आदि की वार्डवार/क्षेत्रवार क्रम, संख्या, नाम, अवस्थिति, आकार क्षेत्रफल तथा अन्य सुसंगत सूचनायें तथा सूची रेखांकन मानचित्र, अभिलेख व भू–अभिलेख स्थानीय निकाय/विकास प्राधिकरण के अभिलेख कक्ष में निरीक्षण हेतु रखने एवं वेबसाइट पर अपलोड कर जनता को उपलब्ध करायें।

6. यह कि जलवायु परिवर्तन के बुरे परिणामों से देश को बचाने हेतु केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से लगातार पर्यावरण संरक्षण बचाने और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए कार्य किया जा रहा है तथा दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है।

7. यह कि हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं के हेतु प्रस्तावित भूमियों को आवासीय भूमि दर्शाकर अधिकारियों से सांठगांठ कर गैर कानूनी रूप से अवैध प्लॉटिंग कर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के कारण झांसी महानगर में हरियाली/भूजल का स्तर गिरता जा रहा है जिससे महानगर में स्वच्छ वायु और पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। महानगर को स्वच्छ वायु न मिलने के कारण वायु प्रदूषण में लगातार वृद्धि हो रही है, वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों को कई तरह की जानलेवा गंभीर बीमारियां हो रही है।

8. यह कि हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं के हेतु प्रस्तावित भूमियों पर अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियां विकसित कराने तथा शासकीय योजनाओं का दुरुपयोग कर बिजली–पानी और सड़क आदि के विकास कार्य कराने व बिजली, पानी के कनेक्शन देने वाले

# समक्ष माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली।

ओ.ए. संख्या 918

सन् 2022

नरेन्द्र कुशवाहा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य

## प्रार्थना

श्रीमान जी से विनम्र प्रार्थना है कि उपर्युक्त उल्लिखित तथ्यों/साक्ष्यों का संज्ञान लेकर निम्नलिखित कार्यवाही करने की कृपा करें:-

1. अब्दुल करीम आदि द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय व माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों एवं राज्य सरकार के शासनादेशों तथा उ.प्र. नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की अवज्ञा कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु झांसी महायोजना में प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं की भूमियों को आवासीय भूमि दर्शाकर, अवैध प्लॉटिंग कर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों, अनधिकृत निर्माणों और अतिक्रमण को रोकने/हटाने तथा दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।

2. उपरोक्त भूमियों में अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियां विकसित कराने वाले अब्दुल करीम व जफर राईन व अकरम व मुहम्मद यासीन व के .आर. टोकसे श्रीमती गीता देवी व हरीदास व अर्जुन आदि के विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अभिकरण अधिनियम 2010, के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।

3. उपरोक्त भूमियों में अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियां विकसित कराने तथा संरक्षण देने की गतिविधियों में संलिप्त संबंधित कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अभिकरण अधिनियम 2010, के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।

4. उपरोक्त भूमियों में अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियों में नियम कानून व नीतियों का उल्लंघन कर एवं शासकीय योजनाओं व सांसद, विधायक, पार्षद निधि का दुरुपयोग कर गैर कानूनी रूप से बिजली-पानी और सड़क आदि के विकास कार्य कराने व बिजली, पानी के कनेक्शन देने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास बनवाने की गतिविधियों में संलिप्त संबंधित कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अभिकरण अधिनियम 2010, के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।

5. पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु महायोजनाओं में प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं की भूमियों के अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियों में गैर कानूनी रूप से बिजली-पानी और सड़क आदि के विकास कार्य कराने एवं बिजली, पानी के कनेक्शन देने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास बनवाने की गतिविधियों की रोकथाम हेतु केन्द्र व राज्य सरकार को आदेशित करने की कृपा करें।

6. पर्यावरण एवं न्यायहित में अन्य कोई कार्यवाही जो माननीय न्यायाधिकरण सही तथा उचित समझे कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक 20.12.2022

भवदीय

नरेन्द्र कुशवाहा

नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र श्री मुन्ना लाल कुशवाहा
(पर्यावरण, आर.टी.आई. एवं सामाजिक कार्यकर्ता)
निवासी- पिछोर थाना नवाबाद झांसी, उत्तर प्रदेश।
मो. 9452041529

वाले भ्रष्ट कर्मचारियों–अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने के कारण लगातार उपरोक्त भूमियों पर अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं।

9. यह कि माननीय न्यायालयों एवं शासनादेशों के बावजूद झांसी प्रशासन, नगर निगम झांसी और झांसी विकास प्राधिकरण की ओर से उक्त शासनादेशों के क्रम में आज तक कार्यवाही नहीं गई है जिसका लाभ उठाकर भू–माफिया एवं अब्दुल करीम आदि द्वारा प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं के हेतु प्रस्तावित भूमियों को आवासीय भूमि दर्शाकर प्लॉट काटकर बेचा जा रहा और अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही है।

10. यह कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण के बुरे परिणामों से बचाने हेतु महायोजनाओं में प्रस्तावित हरित पट्टी, पार्क, खेल के मैदान, खुली जगह आदि की भूमियों को आवासीय भूमि दर्शाकर प्लॉट काटकर बेचने और अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के विरुद्ध तथा उक्त भूमियों के अनधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और कॉलोनियों में नियम–कानून व नीतियों का उल्लंघन कर एवं शासकीय योजनाओं व सांसद, विधायक, पार्षद निधि का दुरुपयोग कर गैर कानूनी रूप से बिजली–पानी और सड़क आदि के विकास कार्य कराने व बिजली, पानी के कनेक्शन देने वाले तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास बनवाने वाले भ्रष्ट कर्मचारियों–अधिकारियों के विरुद्ध कठोर से कठोर दंडात्मक कार्यबाही किया जाना अति आवश्यक है।

अतः श्रीमान जी, से निवेदन है कि झांसी महायोजना में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु हरित पट्टी, पार्क, आदि एवं अन्य जन सुविधाओं हेतु प्रस्तावित भूमियों को झांसी विकास प्राधिकरण के भ्रष्ट अधिकारियों से सांठगांठ कर आवासीय भूमि दर्शाकर अवैध प्लॉटिंग कर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को रोकने/हटाने की एवं इन अवैध कॉलोनियों को विकसित करने वाले अब्दुल करीम व जफर राईन व अकरम व मुहम्मद यासीन व के.आर. टोकसे श्रीमती गीता देवी व हरीदास व अर्जुन आदि की और इन अवैध कॉलोनियों को विकसित कराने, संरक्षण देने और उक्त अवैध कॉलोनियों में नियम–कानून व नीतियों का उल्लंघन कर एवं शासकीय योजनाओं व सांसद, विधायक, पार्षद निधि का दुरुपयोग कर गैर कानूनी रूप से बिजली–पानी और सड़क आदि के विकास कार्य कराने व बिजली, पानी के कनेक्शन देने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास बनवाने की गतिविधियों में संलिप्त संबंधित कर्मचारियों–अधिकारियों पर अधिक से अधिक अर्थदंड लगाकर उचित कठोर वैधानिक कार्यवाही करने का आदेश पारित करें, जिससे महायोजना में अंकित पार्क, खुले क्षेत्र, हरित पट्टी की भू–उपयोग वाली भूमियों पर किये गये व किये जा रहे अवैध निर्माणों से हो रही पर्यावरण की अपूर्णीय क्षति को रोका जा सके एवं इन अवैध निर्माणों से हो रही पर्यावरण की क्षति की भरपाई की जा सके और पुनः ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो। इस कृपा के लिए हम समस्त झांसी महानगर वासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

दिनांक 20.12.2022

भवदीय

नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र श्री मुन्ना लाल कुशवाहा
(पर्यावरण, आर.टी.आई. एवं सामाजिक कार्यकर्ता)
निवासी– पिछोर थाना नवाबाद झांसी, उत्तर प्रदेश।
मो. 9452041529

ANNEXURE-4

01/02/23

## कार्यालय ज्ञाप

मा0 नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत मूल प्रार्थना पत्र संख्या 918/2022 नरेन्द्र कुशवाहा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एण्ड अन्य में पारित मा0 न्यायालय के आदेश दिनांक 02.01.2023 के द्वारा मौजा डडियापुरा, पिछोर, झाँसी खास, बूढा एवं नयागांव स्थित कतिपय जमीन, जो मास्टर प्लान 2001 एवं 2021 में ग्रीन वेल्ट एवं पार्क दर्शायी गयी है, पर अवैध कब्जा/निर्माण के सम्बन्ध में कार्यालय के पत्र संख्या 225/ओ0एस0डी0 दिनांक 09.01.2023 के द्वारा समिति गठित करते हुये प्रकरण में अब तक की गयी कार्यवाही से अगले शुक्रवार तक अवगत कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी, किन्तु झाँसी विकास प्राधिकरण व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कृत कार्यवाही की आख्या उपलब्ध नहीं करायी गयी है। मा0 ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष अगली सुनवाई हेतु 10.03.2023 नियत है। चूंकि प्रकरण मा0 न्यायालय से आच्छादित होने के कारण त्वरित कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। अतएव उक्त प्रकरण में समयान्तर्गत कार्यवाही कराये जाने हेतु पूर्व समिति अवकमित करते हुये निम्नवत समिति गठित की जाती है–

1. उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण झाँसी। (अध्यक्ष)
2. नगर आयुक्त, नगर निगम झाँसी। (सदस्य)
3. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) झाँसी। (सदस्य)
4. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड.झाँसी। (सदस्य)
5. तहसीलदार, झाँसी। (सदस्य)

उपरोक्तानुसार गठित समिति प्रश्नगत प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कराते हुये संयुक्त आख्या एक सप्ताह में उपलब्ध करायेगी।

Put up 6/2/23

EE
1.2.23

/
जिलाधिकारी
झाँसी।

## कार्यालय जिलाधिकारी,झाँसी

संख्याः 62 /23–स्था0नि0लि0–एनजीटी /2022–23 दिनांक 31/01/2023

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण झाँसी।
2. नगर आयुक्त, नगर निगम झाँसी।
3. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) झाँसी।
4. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झाँसी।
5. तहसीलदार झाँसी।

जिलाधिकारी
झाँसी।

ANNEXURE-5

**माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–918/2022 (नरेन्द कुशवाहा बनाम उ0प्र0 राज्य) व अन्य में पारित आदेश दिनांक 02.01.2023 के अनुपालन मे स्थलीय निरीक्षण आख्या।**

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ मे माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–918/2022 (नरेन्द्र कुशवाहा बनाम उ0प्र0 राज्य) व अन्य में दिनांक 02.01.2023 मे पारित आदेश के अंश निम्नवत है :–

"It is alleged that in Tehsil and District Jhansi in Mouza- Dadiapura with Araji Nos. 1136, 1154, 155, 1163, 1164, 1165, 1168, 1206 etc., Mouza- Pichor with Araji Nos. 908, 909, 910, 911, 912, 917, 932, 933, 934, 935, 936, 752, 753, 754, 755, 817, 818, 819, 820, 821, 826, 827, 828, 829, 830, 831, 832, 833, 834, 835, 836, 837, 838, 839, 840, 841, 842, 843, 844, 760, 856 etc., Mouza- Jhansi Khas with Araji No. 751 etc., Mouza- Vudha with Araji Nos. 38, 123, 132, 133, 297, 298, 300, 304, 305 etc. and Mouza-Nayagaon with Araji Nos. 560/8, 560/9, the authorities are illegally allowing encroachment and permitting unauthorized construction over the land shown as green belt and parks as per Jhansi Master Plan of 2001 and 2021 and despite repeated complaints, no action has been taken by Administration. Encroachment and unauthorized construction has been allowed by the District Administration including the officials of Jhansi Development Authority in collusion with private individuals."

उपरोक्त के दृष्टिगत दिनांक 09.01.2023 को एक संयुक्त निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय भू–खण्डो पर मकान/भवन निर्मित पाये गये, मौके पर भवनो की फोटोग्राफ लिये गये, अवगत कराना है कि प्रकरण मौजा–डडियापुरा, पिछोर, बूढ़ा, झांसी खास एवं नयागांव के संदर्भित आराजी संख्याओ से सम्बन्धित है। याचिकाकर्ता द्वारा संदर्भित मौजाओं मे ग्रीन वैल्ट/पार्क हेतु अवलोकित भू–खण्डो पर अनाधिकृत निर्माण किये जाने की शिकायत की गयी है, अतः भवनो के निर्माण के सम्बन्ध मे झांसी विकास प्राधिकरण, राजस्व विभाग और नगर निगम से प्रकरण के सम्बन्ध मे उनका पक्ष प्राप्त किया जाना उचित होगा। उक्त के अनुकम मे झांसी विकास प्राधिकरण से निम्न बिन्दुओ पर विवरण/आख्या उपलब्ध प्राप्त किया जाना उचित होगा।

1. माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा सन्दर्भित विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–918/2022 (नरेन्द्र कुशवाहा बनाम उ0प्र0 राज्य) व अन्य में अंकित मौजा–डडियापुरा, पिछोर, बूढ़ा, झांसी खास एवं नयागांव के सन्दर्भित आराजी संख्यावार आपके विभाग में दर्शाये गये भूमि के प्रकार के सम्बन्ध में विवरण उपलब्ध करायें।
2. उपरोक्त सन्दर्भ में संयुक्त निरीक्षण दिनांक–09.01.2023 को भूखण्डो पर अदतन स्थिति के सम्बन्ध में लिये गये फोटो ग्राफ आदि को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. उपरोक्त सन्दर्भित आराजी संख्या में से झांसी महायोजना 2001 एवं 2021 में यदि हरित पट्टीका/पार्क अंकित है तो विवरण उपलब्ध कराये।
4. क्या उपरोक्त भूखण्डों में कुल या आंशिक रूप से अनाधिकृत निर्माण एवं अतिकमण हुआ है तो विवरण उपलब्ध कराये।
5. उपरोक्त सन्दर्भित आराजी संख्याओं पर निर्मित भवनों का मानचित्र आपके स्तर से स्वीकृत किया गया है तो विवरण उपलब्ध करायें।
6. उपरोक्त सन्दर्भित आराजी संख्याओं पर निर्मित भवनों का यदि मानचित्र स्वीकृत नहीं किया गया है तो आपके स्तर से उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी है।

नगर आयुक्त, नगर निगम झांसी को इस आशय से प्रेषित कि मौजा–डडियापुरा, पिछोर, बूढ़ा, झांसी खास एवं नयागांव के सन्दर्भित आराजी संख्या में कितने भवनों को नगर निगम द्वारा भवन संख्या निर्गत की गयी है विवरण उपलब्ध करायें।

उपजिलाधिकारी, तहसील–सदर, जनपद–झांसी को इस आशय से प्रेषित कि मौजा–डडियापुरा, पिछोर, बूढ़ा, झांसी खास एवं नयागांव के सन्दर्भित आराजी संख्या में प्रथम बैनामा किस नाम से हुआ है विवरण उपलब्ध करायें, उपरोक्त आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

Deepa 18.1.23

क्षेत्रीय अधिकारी,
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी।

ANNEXURE-6

Ph/Fax : 0510-2320473 (O)
E-mail : rojhansi@uppcb.in

# क्षेत्रीय कार्यालय उ. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
# Regional Office, U.P. Pollution Control Board

संदर्भ सं0 ............ दिनांक 12.01.2023
Ref. No. 673/OA-918/NGT/23 Date........20

सेवा में,

सचिव
झांसी विकास प्राधिकरण,
झांसी।

विषय : माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा विचाराधीन ओ0ए0 संख्या–918/2022 (नरेन्द्र कुशवाहा बनाम उ0प्र0 राज्य) व अन्य में पारित आदेश दिनांक 02.01.2023 की अनुपालनात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

